
हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 15 मई 2024

06 कुबेरेश्वरधाम पर आज से होगा रुद्राक्ष वितरण...



07 कार से टकराकर आर्मी का ट्रक बस से ...





## खबर संक्षेप

### नीट पीजी आवेदन में सुधार 16 तक

**सीहोर।** राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड ने नीट पीजी के लिए आवेदन में करेक्शन की विंडो ओपन कर दी है। इसके तहत अभ्यर्थी nbe.edu.in के माध्यम से अपने नीट पीजी आवेदन पत्र में सुधार और परिवर्तन 16 मई तक कर सकते हैं। यह परीक्षा 23 जून को भोपाल सहित देशभर के अलग-अलग केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। इसके लिए एडमिट कार्ड 18 जून को जारी किया जाएगा। जबकि परीक्षा 23 जून को होगी। नीट पीजी परीक्षा का परिणाम 15 जुलाई को घोषित हो सकता है। नीट पीजी की पात्रता के लिए इंटर्नशिप पूरी करने का कटऑफ तारीख 15 अगस्त है।

### बीयू : 16 मई से परीक्षा

**सीहोर।** बरकतउल्ला विश्व विद्यालय की विभिन्न पाठ्यक्रमों की परीक्षा 16 मई से शुरु होने वाली हैं। ऐसे में अब छात्रों को एबीसी आईडी बनाना होगी। इसके लिए बीयू ने सभी को निर्देश दिए हैं कि अगर किसी छात्र की एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट्स (एबीसी) आईडी नहीं बनी हो या कोई तकनीकी समस्या आ रही है तो इसके लिए आईटी सेल में संपर्क कर आईडी बनवा लें।

### निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न कराने पर कलेक्टर ने आभार व्यक्त किया

**सीहोर।** कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह ने लोकसभा निर्वाचन-2024 के तहत तीसरे और चौथे चरण का मतदान शांतिपूर्ण, सफलतापूर्वक संपन्न होने पर जिले के सभी अधिकारियों-कर्मचारियों, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था में लगे पुलिस बल, मीडिया प्रतिनिधियों तथा नागरिकों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि संपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया को शांतिपूर्वक संपन्न कराने में निर्वाचन अमले ने अपने दायित्व का पूरी गंभीरतापूर्वक निर्वहन किया है और उन्होंने अपनी क्षमताओं का अधिकतम उपयोग कर बेहतर प्रदर्शन किया है। उन्होंने जिले की निर्वाचन व्यवस्थाओं, स्वीप गतिविधियों, मतदान, सुरक्षा व्यवस्था आदि का समुचित एवं प्रभावी कवरेज मीडिया में प्रकाशित एवं प्रसारित किए जाने के लिए मीडिया प्रतिनिधियों का आभार माना।

### बीजों के विक्रेता को लाइसेंस लेना अनिवार्य

**सीहोर।** औषधीय फसलों एवं सब्जी, मसाला, पुष्प के बीजों का व्यापार करने वाले व्यापारी को उद्यानिकी विभाग से लाइसेंस लिए बिना विक्रय नहीं किया जा सकता है। बीजों के व्यापार करने के लिए विक्रेता उद्यानिकी विभाग से लाइसेंस लेना अनिवार्य किया गया है। बिना बीज लायसेंस के व्यापार करते पाए जाने पर विक्रेताओं के विरूद्ध बीज अधिनियम-1966 एवं बीज नियंत्रण आदेश 1983 में उल्लेखित प्रावधान अनुसार वैधानिक कार्यवाही की जाएगी, जिसकी सम्पूर्ण जवाबदेही निजी बीज विक्रेता की रहेगी।

# प्रवेश प्रक्रिया धीमी: सीएलसी राउंड में 500 रुपए माफ होने से यूजी में 70, पीजी में 30 ने कराया रजिस्ट्रेशन

### पिछले साल 5 सीएलसी राउंड के बाद भी यूजी में 35 और पीजी में 20 प्रतिशत सीटें रह गई थीं खाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कॉलेज में प्रवेश प्रक्रिया धीमी चल रही है। इसका कारण सीएलसी राउंड के 500 रुपए माफ करना माना जा रहा है। अभी तक जिले के 14 सरकारी कॉलेजों में एडमिशन की सीटों के अनुपात में 10 प्रतिशत भी रजिस्ट्रेशन नहीं हुए हैं। 12वीं का रिजल्ट 25 अप्रैल को घोषित हो गया था। 1 मई से कॉलेजों में प्रवेश प्रक्रिया शुरु हो गई थी। शुरुआती दौर में छात्र-छात्राओं की कॉलेज में प्रवेश लेने की रूचि कम दिखाई दे रही है। ऐसे ही हाल पिछले साल भी थे। उच्च शिक्षा विभाग ने सीएलसी के 5 राउंड किए थे, ताकि शत प्रतिशत एडमिशन हो सकें। इसके बाद भी यूजी में 65 प्रतिशत और पीजी में 81 प्रतिशत ही सीटें फुल हो पाई थीं। इस साल जिले के 14 सरकारी कॉलेजों में यूजी की 6 हजार 434 और पीजी की 1395 सीटों के लिए ऑनलाइन एडमिशन होना हैं। जिला मुख्यालय स्थित चंद्रशेखर आजाद स्मृति महाविद्यालय में यूजी की 1170 सीटों के मुकाबले मात्र 70 और पीजी की 560 सीटों में से सिर्फ 30 सीटों पर ही प्रवेश के लिए विद्यार्थियों ने रजिस्ट्रेशन हैं। करवाए हैं। हालांकि अभी सीबीएसई बोर्ड ने अपना रिजल्ट जारी नहीं किया है। रिजल्ट आने के बाद प्रवेश प्रक्रिया में रफ्तार आ सकती है।

**25 मई तक चलेगा पहला राउंड :** कॉलेज में प्रवेश प्रक्रिया का पहला राउंड 25 मई तक चलेगा। इसके बाद प्रवेश से वंचित छात्रों के लिए दूसरे राउंड की शुरुआत होगी। यदि इसमें भी सीट नहीं भर पाती हैं तो सीएलसी (कॉलेज लेबल काउंसलिंग) चलाया जाएगा।

बताया जाता है कि मई के बाद जून-जुलाई में भी प्रवेश प्रक्रिया चलेगी। इस कारण भी विद्यार्थी अभी प्रवेश लेने में जल्दबाजी नहीं कर रहे हैं।

**अब सिर्फ 150 रुपए शुल्क, इसलिए विद्यार्थी बेफिक्र :** इस बार पंजीयन करने में 150 रुपए शुल्क ही विद्यार्थियों को देना है। छात्राएं निशुल्क पंजीयन करवा सकती हैं। इस बार उच्च शिक्षा विभाग ने प्रथम राउंड में पंजीयन नहीं करवाने वालों से सीएलसी के राउंड में लेट फीस 500 रुपए माफ कर दी है। केवल 150 रुपए में ही सीएलसी राउंड में प्रवेश के लिए रजिस्ट्रेशन हो जाएंगे। छात्रों को मिली इस छूट से भी इस बार एडमिशन प्रक्रिया में रुझान कम दिखाई दे रहा है। ऐसे में उच्च शिक्षा विभाग की चिंता बढ़ गई हैं।

#### ये कारण भी आ रहे सामने

12वीं पास बच्चे प्रोफेशनल एग्जाम की तैयारी के लिए बाहर निकल जाते हैं। एबीसी आईडी जनरेट करने में समस्याएं आ रही हैं। पोर्टल पर लिखा आ रहा है कि दिस पेज इस नॉट वर्किंग।

कुछ बच्चे नीट, जेई सहित प्रोफेशनल एग्जाम देने के कारण देर से एडमिशन लेते हैं।

12वीं में सप्लीमेंट्री आने से भी कई बच्चे परीक्षा का रिजल्ट आने के बाद प्रवेश लेते

इस साल अब तक सीबीएसई बोर्ड ने भी 12वीं का रिजल्ट जारी नहीं किया है। इस कारण भी प्रवेश प्रक्रिया धीमी है।

### अंग्रेजों के समय बनाया गया पुल का उपयोग सीवन नदी को पार करने के लिए होता था

# लक्कड़ पुल की रेलिंग फिर चोरी, जगह-जगह दरारों के साथ लोहे के एंगल भी उखड़े पड़े

इस पुल से सीधे सुंदर वन और आफिसर्स कॉलोनी पहुंचा जा सकता है, लेकिन चोरों ने इसकी रेलिंग को ही नहीं छोड़ा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



आखिरकार सीवन नदी पर बना लक्कड़ पुल अनदेखी और लापरवाही का शिकार हो गया। चोर एक बार फिर पुल की रेलिंग चोरी करके ले गए। सालों पुराने इस पुल का उपयोग सीवन नदी को पार करने के लिए किया जाता है। इस पुल से सीधे सुंदर वन और आफिसर्स कॉलोनी पहुंचा जा सकता है, लेकिन चोरों ने इसकी रेलिंग को ही नहीं छोड़ा।

एक बार फिर यह पुल खस्ताहालत में पहुंच चुका है। पुल की हालत फिर से दयनीय होती जा रही है। लक्कड़ पुल अंग्रेजों के समय बनाया गया था। सीवन नदी पर बने इस पुल से लोग उस समय सुंदर वन देखने जाया करते थे। उस समय सुंदर वन में वन्य प्राणी भी हुआ करते थे। धीरे-धीरे सुंदर वन खत्म हुआ तो इस पुल पर भी चोरों की नजरें लग गईं। यह पहली बार नहीं है जब चोर पुल की रेलिंग चुरा ले गए। इससे पहले भी एक-दो बार पुल की रेलिंग चोरी हो चुकी हैं। नपा पुल की मरम्मत करता है और चोर बार-बार रेलिंग चुरा ले जाते हैं।

इतना ही नहीं पुल को नुकसान भी पहुंचाते हैं। पुल में जगह-जगह दरारें आ गई हैं। इसके बावजूद नपा पुल के देखरेख की स्थायी व्यवस्था नहीं कर रहा। वहीं पुल पर रेलिंग नहीं होने से नीचे गिरने का खतरा बना रहता है। शुरुआत में चोर इस पुल के पटिये ही चुरा कर ले गए थे। तब पुल पर पटियों की जगह कुछ नहीं बचा और केवल यहां पर लोहे के एंगल ही बचे थे। प्रशासन ने इस पुल का कायाकल्प करने के लिए मरम्मत का काम कराया। अब चोर फिर पुल की रेलिंग चुरा ले गए।

#### पुल को भी किया क्षतिग्रस्त

पुल पर रेलिंग न होने से नीचे गिरने का बना रहता है खतरा। लक्कड़ पुल की हालत खराब हो रही है। इसकी देखरेख के अभाव में अज्ञात चोर इसकी रेलिंग काटकर ले जा रहे हैं। साथ ही इसे क्षतिग्रस्त भी कर दिया है। जगह-जगह दरारों के साथ लोहे के एंगल उखड़े पड़े हैं। यदि पुल की मरम्मत नहीं की गई तो नदी के ऊपर बना यह पुल बारिश में ढह भी सकता है।

#### ये हो सकता है समाधान

नपा को पुल की मरम्मत के बाद लोहे की रेलिंग की जगह सीमेंटेड रेलिंग बना देनी चाहिए। हालांकि शरारती तत्व इसके बाद भी पुल को क्षति पहुंचाने की कोशिश करेंगे।

#### कुछ साल पहले ही कराई गई थी मरम्मत

लक्कड़ पुल की मरम्मत कुछ साल पहले ही प्रशासन ने कराई थी। इसके किनारे की रेलिंग लगवाई, लेकिन इसी बीच ये फिर से चोरी जाने लगी। समय रहते यदि इस पर ध्यान नहीं दिया गया तो आने वाले दिनों में फिर से पुल की पुरानी स्थिति हो जाएगी।

### मुगली में 45 वर्षीय व्यक्ति ने की आत्महत्या

**सीहोर।** आष्टा जनपद पंचायत से 5 किलोमीटर दूर ग्राम मुगली में एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वह वोटिंग करने के लिए गया था। वोट डालकर आने के बाद उसने अपने ही खेत पर बबूल के पेड़ के नीचे लटककर अपने जीवन को समाप्त कर लिया। लगभग 4 बजे के करीब यहां से गुजर रहे व्यक्ति ने पेड़ पर लटका हुआ शव देखा, तो वहां पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी तो उसने व्यक्ति को उतारकर पीएम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार पेड़ पर फांसी लगाने वाले व्यक्ति की पहाचान 45 वर्षीय राधेश्याम सिलौरिया पिता मांगीलाल सिलौरिया नामक व्यक्ति के रूप में हुई।

### किसानों से ई-खसरा, खतोनी लेने की अपील

**सीहोर।** राष्ट्रीय भू-अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम के अन्तर्गत आयुक्त भू-अभिलेख एवं बन्दोबस्त ग्वालियर ने ई-खसरा परियोजना लागू की है। किसानों से अपील की गई है कि वे ई-खसरा खतोनी ही लें। परियोजना के अन्तर्गत अनुबंधित फर्म द्वारा सभी तहसीलों में आई.टी. सेन्टर स्थापित किये गये हैं, जिनसे कृषकों को उनकी मांग अनुरूप प्रमाणित खसरा बी-1, नक्शा की प्रतिलिपियां नियत शुल्क प्रति पृष्ठ 30 रुपये लेकर उपलब्ध कराई जा रही हैं। कृषक अपने खाते की नकल, खेत का अक्श विभागीय बेवसाईट पर निःशुल्क देख सकते हैं।

## बेकाबू होकर पेड़ से टकराया ऑटो: भोपाल से सलकनपुर दर्शन के लिए जा रहे थे लोग, चार घायल, देलाबाड़ी घाट के पास हादसा



**सीहोर।** जिले के रेहटी थाना क्षेत्र अंतर्गत देलाबाड़ी घाट के पास एक ऑटो बेकाबू होकर पेड़ से टकरा गया है। इस हादसे में चार लोग घायल हो गए हैं, जिन्हें उपचार के लिए रहटी अस्पताल लाया गया है।

जानकारी के अनुसार ऑटो में सवार होकर श्रद्धालु भोपाल से सलकनपुर मां बिजासन देवी के दर्शन करने के लिए जा रहे थे तभी ऑटो चालक ऑटो पर नियंत्रण नहीं रख सका और वह पेड़ से टकरा गया। हादसे की सूचना सबसे पहले राहगीरों ने डायल 100 को दी तब डायल हंड्रेड की टीम मौके पर पहुंची और घायलों को रहटी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है।

## एफआईआर कराने वाली लुटेरी दुल्हन के गिरोह का किया पर्दाफाश

**सीहोर।** 4 मई 2024 को आवेदिका गुलनाज पति इसाक शेख उम्र 28 साल निवासी मम्मी लता उर्फ आईशा का घर यशोधरा चौक परवेश नगर 2 नंबर गली नागपुर महाराष्ट्र की रिपोर्ट पर देहाती नालसी थाना सुंदरसी जिला शाजापुर में अप.क्र. 0/24 धारा 468,471,366,370,376,506 भादवि का आरोपी मो.न. 8226079515 धारक अशोक निवासी नरसिंहगढ़, जसमत राजपूत पिता गोपाल राजपूत निवासी ग्राम बागली जिला शाजापुर के विरुद्ध पंजीबद्ध कर घटना स्थल कोर्ट परिसर सीहोर जिला सीहोर का होने से असल नम्बर पर कायमी हेतु भेजा गया था जो कि थाना कोतवाली मे असल अपराध क्र 325/2024 धारा 468,471,366,370,376,506 भादवि का पंजीबद्ध कर अनुसंधान मे लिया गया।



मामले की गंभीरता को देखते पुलिस अधीक्षक सीहोर मयंक अवस्थी के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीहोर गीतेश गर्ग एवं नगर पुलिस अधीक्षक सीहोर निरंजन सिंह राजपूत के मार्गनिर्देशन में कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक गिरीश दुबे के नेतृत्व में टीम गठित कर आरोपियों की तलाश की गई जो कि अनुसंधान के दौरान आरोपी की तलाश मे ग्रांम बांगली थाना सुन्दरसी से आरोपी जसमत सिंह ग्रांम बागली से गिरफ्तार कर पूछताछ के दौरान पता चला कि मामले की फरियादिया ने आरोपी जसमत के साथ लिव इन रिलेशनशिप मे साथ रहने की लिखा पढी की थी और जमसत ने एक लाख रुपये देकर गुलनाज उर्फ मनीषा को खरीदा था।

मनीषा उर्फ गुलनाज ने अपने साथी अंकित लोधा व अशोक मालवीय के साथ मिलकर सीहोर न्यायालय मे जसमत के साथ लिखापढ़ी कर फर्जी शादी के नाम 1.5 लाख रुपये ले लिया था और लिखापढी कराने वाला गवाह जालम सिह को तलाश किया। लड़के नरेन्द्र की फर्जी शादी राखी उर्फ रेखा कश्यप के साथ तय करके 1 लाख रुपये मे राखी को खरीदकर अशोक व रोशनी और भूरा को पैसे दिये थे। उक्त अपराधिक षड़यंत्र करने वाली व गिरोह के सदस्यो के साथ मिलकर ठगी करने वाली प्रकरण की फरियादिया मनीषा उर्फ गुलनाज ने अपने साथी आरोपी रेखा कश्यप उर्फ राखी ठाकुर पति अमर सिह कश्यप उम्र 30 साल निवासी अशोका गार्डन शिव मंदिर के पास भोपाल, रोशनी वर्मा पति नारायण लाल वर्मा उम्र 50 साल निवासी अयुब अटल नगर छोला रोड भोपाल, रईस खाँ पिता अब्दुल रहमान खाँ उम्र 38 साल निवासी गणेश मंदिर के पास भोपाल, अशोक मालवीय पिता कैलाश मालवीय उम्र 40 साल निवासी रावणखेडा सीहोर, प्रहलाद सिह मालवीय पिता नाथूराम मालवीय उम्र 63 साल निवासी अयुब नगर छोला रोड भोपाल, राजेन्द्र नामदेव पिता कान्तिकिशोर नामदेव उम्र 44 साल निवासी रईस नगर कॉलोनी करोंद भीपाल के साथ मिलकर कई लोगों के साथ फर्जी शादिया करके पैसो की ठगी की है। मामले में धारा 370,420 भादवि का ईजाफा किया गया बाद अनुसंधान में आरोपियो का गिरफ्तार किया गया।

### सलकनपुर मंदिर परिसर तक वाहनों के आवागमन पर 13 जून तक प्रतिबंध

# सलकनपुर मंदिर परिसर में देवी लोक निर्माण कार्य के चलते वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम द्वारा निर्माण कार्य किए जाने के तहत सलकनपुर मंदिर पर देवी लोक का निर्माण कार्य किया जा रहा है, जो कि प्रगति पर है। निर्माण कार्य में प्रगति लाने के लिए मटेरियल शिफ्टिंग, पत्थरों की मूर्ति, कॉलम इत्यादि भी लगातार परिवहन हो रहे हैं।

अपर जिला दण्डाधिकारी वृंदावन सिंह द्वारा दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के अन्तर्गत जन सामान्य के हित,जानमाल की सुरक्षा की दृष्टि से संलकनपुर मंदिर सड़क पहुंच मार्ग में प्रतिबंध लगाया गया है। रेहटी-



बुदनी मार्ग पर स्थित संलकनपुर मंदिर प्रवेश द्वार क्रमांक 01 से मंदिर तक समस्त प्रकार के वाहनो का अवागमन पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किया गया है। केवल निर्माण कार्य में संलग्न एवं शासकीय वाहन प्रतिबंध से मुक्त रहेंगे। इस व्यवस्था के लिए चल रहे निर्माण कार्य की एजेंसी द्वारा सड़क मार्ग के प्रवेश द्वार पर आवश्यक व्यावस्था की जाएगी। इस कार्य में पुलिस द्वारा आवश्यक सहयोग किया जायेगा। ग्रह व्यवस्था पांच कार्यालयीन दिवसो (सोमवार से शुक्रवार) तक लागू रहेगी। शनिवार एवं रविवार को समस्त प्रकार के वाहन इस प्रतिबंध से मुक्त रहेंगे। जिला प्रशासन द्वारा किसी विशेष पर्व पर प्रतिबंध से छूट प्रदान की जाएगी। यह आदेश दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के तहत 13 जून,2024 तक प्रभावशील रहेगा। आदेश का उल्लंघन करने पर धारा 188 भारतीय दण्ड विधान अन्तर्गत दण्डनीय अपराध की श्रेणी में आएगा।

## रिटायर्ड बैंक मैनेजर के घर चोरों ने जेवरात सहित नकदी पर किया हाथ साफ, सीसीटीवी में कैद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



सीहोर निवासी चितरंजन विजयवर्गीय के परिवार को राजस्थान के कोटा में शादी के रस्मो के कार्यक्रम में शामिल होना महंगा पड़ गया। दरअसल बैंक से रिटायर्ड मैनेजर चितरंजन विजय वर्गीय अपने परिवार सहित राजस्थान के कोटा में परिवार के शादी समारोह के रोका कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। 12 तारीख की दोपहर पर जब वह घर लौटे तब उन्हें घटना का पता चला, घटना की सूचना उन्होंने तत्काल पुलिस को दी पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना किया।

दरअसल 11 और 12 तारीख की दरमियानी रात को चोरों ने उनके घर पर धावा बोला, चोर छत के रास्ते घर में घुसे और घर के प्रत्येक कमरे की उन्होंने तलाशी ली इस दौरान चोरों ने घर में रखी अलमारी का ताला भी तोड़ा और सोने चांदी के जेवरात सहित घर में रखी नगदी पर भी हाथ साफ कर लिया। हालांकि चोरों की यह हरकत सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

**खबर संक्षेप**

### छात्रों के प्रोजेक्ट कार्य 15 मई तक अनिवार्य रूप से पूरा करें

**सीहोर।** स्कूल शिक्षा विभाग ने कक्षा- 5 और 8 की पुनः परीक्षा सत्र 2023-24 के लिये दिशा-निर्देश जारी किये हैं। इस संबंध में जिला कलेक्टरों को राज्य शिक्षा केन्द्र ने पत्र लिखा है। कक्षा-5 और 8 की पुनः परीक्षा 3 जून से 8 जून के मध्य होगी। राज्य शिक्षा केन्द्र ने प्रोजेक्ट कार्य के अंकों की प्रविष्टि के संबंध में कहा है कि ऐसे परीक्षार्थी, जो अनुत्तीर्ण हो गये हों या अनुपस्थित रहे हों, उन छात्रों के प्रोजेक्ट कार्य 15 मई तक अनिवार्य रूप से पूरा कर मूल्यांकन किया जाये। इन कक्षाओं के पुनरू परीक्षा केन्द्र जनशिक्षा केन्द्र पर ही निर्धारित किये जायें। छात्रों की संख्या 500 से अधिक होने पर दूसरा परीक्षा केन्द्र राज्य शिक्षा केन्द्र की अनुमति से बनाया जा सकेगा। निर्देशों में कहा गया है कि परीक्षा केन्द्र तक परीक्षार्थियों को पहुँचाने का दायित्व संबंधित शाला प्रमुख और शिक्षकों का होगा। परीक्षार्थियों के प्रवेश-पत्र डाउनलोड कर प्राप्त किये जा सकेंगे।

### मानव अधिकारों के उल्लंघन की शिकायत अब ऑनलाइन भी

**सीहोर।** मानव अधिकारों के उल्लंघन से संबंधित शिकायतों के निराकरण हेतु आयोग में नागरिक अपनी शिकायत ऑनलाइन फ्री पोर्टल www.hrcnet.nic.in पर पत्राचार द्वारा टोल फ्री नम्बर 144334 पर भी कर सकते हैं। राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के मदद सेंटर में उपस्थित होकर लिखित शिकायत या मोबाइल नम्बर 9810298900 एवं नागरिक सेवा केंद्र यानी सीएससी में 30 रुपए का शुल्क जमा करके अपनी शिकायतें ऑनलाइन दर्ज करा सकते हैं।

### पेयजल शिकायतों के निराकरण के लिए लिए कंट्रोल रूम स्थापित

**सीहोर।** आगामी ग्रीष्म काल को दृष्टिगत रखते हुए पेयजल संबंधी शिकायतों के निराकरण तथा सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों के लिए कंट्रोल रूम स्थापित किए गए है। खंड सीहोर के लिए कंट्रोल रूम प्रभारी फिटर ग्रेड -3 मेहबूब खान (मोबाइल नंबर 8305819150), उपखंड सीहोर के लिए कंट्रोल रूम प्रभारी हैंडपम्प तकनीशियन गणेश सोनी (मो. नं.- 9425682161 ), उपखण्ड भैरूंदा के लिए कंट्रोल रूम प्रभारी सहायक ग्रेड-03 सचिन ठाकुर (मो. 8959607853), उपखंड आष्टा के लिए कंट्रोल रूम प्रभारी सहायक ग्रेड -03 एस. से तिवारी (मो. 9893544755 ), बुधनी के लिए कंट्रोल रूम प्रभारी स्टोर क्लर्क राजकुमारी सोलंकी (मोबाइल नंबर 9489803741) को नियुक्त किया गया है।

### मदरसा बोर्ड के परीक्षा आवेदन-पत्र 25 जुलाई तक भरे जा सकेंगे

**सीहोर।** मदरसा बोर्ड की हाई स्कूल और हायर सेकंडरी उर्दू माध्यम परीक्षा सत्र 2024 के लिये परीक्षा आवेदन-पत्र अधिकृत अध्ययन केन्द्रों के माध्यम से ऑनलाइन भरे गये थे अब बोर्ड ने नियत आवेदन तिथि को बढ़ाया है और बिना विलम्ब शुल्क के आवेदन-पत्र 25 जुलाई, 2024 तक भरे जा सकेंगे। ऑनलाइन आवेदन में त्रुटि-सुधार की तिथि अब 31 जुलाई निर्धारित की है।

## रुद्राक्ष वितरण से एक दिन पहले ही हजारों श्रद्धालु पहुंचे धाम पर

# कुबेरेश्वरधाम पर आज से होगा रुद्राक्ष वितरण, नौ काउंटरों लगाए

यहां पर आने वाले लाखों श्रद्धालुओं के लिए बनाए नौ काउंटर, आधुनिक रसोई घर पर प्रतिदिन बनाया जाएगा हजारों श्रद्धालुओं के लिए भोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶सीहोर



जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर एवं कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में भागवत भूषण पंडित प्रदीप मिश्रा के आदेश अनुसार गत दिनों शिव महापुराण के अभिमंत्रित रुद्राक्ष का वितरण बुधवार से किया जाएगा। यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं को परेशानी न हो इसके लिए नौ काउंटरों का निर्माण किया गया है। मंगलवार को स्वयं भागवत भूषण पंडित प्रदीप मिश्रा, विठलेश सेवा समिति के व्यवस्थापक समीर शुक्ला, पंडित विनय मिश्रा सहित अन्य ने वितरण स्थल की व्यवस्था का जायजा लिया। कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में नौ काउंटरों से क्रम अनुसार श्रद्धालुओं को रुद्राक्ष का वितरण किया जाएगा। लंबे समय से धाम के रुद्राक्ष की प्रतिक्षा श्रद्धालुओं को थी, बुधवार से वितरण होना है, जिससे मंगलवार को ही हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने डेरा जमा लिया है और भक्ति भाव से यहां पर भजन कीर्तन किया जा रहा है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए समिति के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि जिला प्रशासन के अधिकारियों ने कानून व शांति व्यवस्था तथा अन्य व्यवस्थाओं के लिए पुलिस बल की ड्यूटी लगाई है। कुबेरेश्वरधाम पर पर्याप्त पार्किंग के लिए स्थान, वाहनों के आवागमन, बैरिकेडिंग, आने वाले श्रद्धालुओं की बैठक व्यवस्था, चिकित्सा व्यवस्था के अलावा पेयजल, शौचालय सहित अन्य समुचित व्यवस्था की गई है।

रुद्राक्ष वितरण में श्रद्धालुओं को कोई दिक्कत नहीं हो इसके लिए एक-एक हजार फीट की नौ लाइनों के अलावा नौ काउंटरों का निर्माण किया गया है। इन काउंटरों से रुद्राक्ष क्रम अनुसार श्रद्धालुओं को बांटे जाएंगे। आठ काउंटर सामान्य श्रद्धालु के अलावा एक काउंटर से विशेष रूप से दिव्यांग लोगों के लिए बनाया गया है, जिससे आसानी से श्रद्धालुओं को रुद्राक्ष मिल सके।

#### सुबह दस बजे से पांच बजे तक किया जाएगा रुद्राक्ष वितरण

इन काउंटरों पर दो दर्जन से अधिक सेवादारों को लगाया गया है। इसके अलावा यहां पर धूप और बारिश से बचने के लिए शेड आदि की व्यवस्था की है। नौ लाइनों में श्रद्धालुओं को क्रम अनुसार एक बार में करीब आठ से नौ हजार से अधिक रुद्राक्ष वितरण किया जाएगा। सुबह दस बजे से शाम पांच बजे तक प्रतिदिन अभिमंत्रित रुद्राक्षों का वितरण निशुल्क किया जाएगा।

#### भोजन प्रसादी के साथ नियमित रूप से किया जा रहा शीतल पेयजल का वितरण

जानकारी के अनुसार, यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए समिति के द्वारा निशुल्क रूप से भोजन प्रसादी के अलावा दोपहर में शीतल पेय का वितरण किया जा रहा है। धाम पर आधुनिक रसोई घर का निर्माण किया गया है। जिसमें मशीनों के द्वारा मात्र कुछ घंटों में 50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं के भोजन बनाए जाने की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए शीतल पेयजल और ठडाई का इंतजाम भी किया गया है।

## दि आक्सफोर्ड स्कूल का हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम अव्वल रहा



**सीहोर।** दि आक्सफोर्ड हायर सेकंडरी स्कूल सीहोर के सीबीएसई कक्षा 10वीं के दूसरे बैच के विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम में विद्यालय का स्थान प्रथम श्रेणी व शत-प्रतिशत रहा।

विद्यालय की स्वाति मेवाडा ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, गौरव अस्थाया ने 89 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय और अक्षरा अग्रवाल 87 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रहे। विद्यालय प्राचार्य डॉ. बीना जे. कुरियन ने बताया कि सीबीएसई के द्वितीय बैच ने इस वर्ष परीक्षा में सर्वोच्च सफलता प्राप्त कीए इसके पीछे ईश्वरीय कृपा के साथ ही मजबूत इरादे और दृढ़ संकल्प रहा। साथ ही खेल प्रतियोगिता में राज्य स्तर पर प्रथम एवं राष्ट्रीय स्तर द्वितीय रहा। विद्यार्थियों की उक्त उपलब्धि पर संस्था अध्यक्ष एडवोकेट जॉली कुरियन, प्राचार्य डॉ. बीना जे कुरियन तथा समस्त स्टाफ ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

### मधुर केलोदिया ने सीबीएसई की कक्षा 10 में 94.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए



**सीहोर।** पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में पढने वाले मधुर कैलोदिया पिता राकेश कुमार कैलोदिया ने सीबीएसई की कक्षा 10 में 94.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में तृतीय स्थान प्राप्त किया है। छात्र की इस उपलब्धि पर परिवार में हर्ष का माहौल है। लोगों ने छात्र को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामनाएं की ।

## 13 दिवसीय समर कैंप का समापन: सीएम राइज स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

**समर कैंप में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा, बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया**





**भैरुंदा।** भैरूंदा के सीएम राइज स्कूल में ग्रीष्मकालीन समर कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया। बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया।

ग्रीष्मकालीन समर कैंप में छात्रों को डांस, म्यूजिक, माइम, योगा, सड़क सुरक्षा, चित्रकला व अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के बारे में जानकारी दी गई। इसके साथ ही छात्रों से सड़क सुरक्षा और चित्रकला पर अपने विचार रखने को कहा गया। प्रबंधक शेलेंद्र लो या ने कहा कि समर कैंप के माध्यम से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। विद्यार्थियों के लिए यह ऐसा समय है जो अमूल्य है। उन्होंने कहा कि समय के अर्थ को समझना चाहिए और अपने अमूल्य समय को व्यर्थ करने के स्थान पर अथक परिश्रम करना चाहिए। इस दौरान बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। समरकैंप में पहुंचे अभिभावकों ने भी अपने विचार को व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य शेलेन्द्र लोया ने इस समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी ललित कीर बीआरसीसी विजय पवार पूर्व बीईओ भूपेश शर्मा प्राचार्य शैलेन्द्र लोया उपस्थित रहे।

समर कैम्प के अंतिम दिवस विभिन्न छात्र छात्राओं द्वारा प्रस्तुति की गई। इसमें छात्राओं द्वारा नृत्य की प्रस्तुति प्रियंका पंवार के नेतृत्व में दी गई। ईश वंदना व वादन की प्रस्तुति छात्रो द्वारा मयंक नागवे स्निग्ध नागवे के नेतृत्व में दी गई। बच्चों के द्वारा तैयार गुलदस्ते से अतिथियों का स्वागत किया गया एवं हस्त निर्मित कलाकृतियां की प्रदर्शिनी लगाई गई। समर कैंप प्रभारी आरती कुशवाह एवं सदस्य कुसुम शर्मा, रघुवीर राजपूत, लाल मियां, शहादत खान, कमलेश शर्मा, प्रियंका पवार, सलोनी शुक्ला, सत्यनारायण कुशवाह, गब्बर विश्वकर्मा एवं पालक विजय मीणा, आलोक श्रीवास्तव,महेंद्र वर्मा, अशोक बारेला सूरज यादव, विजय शर्मा आदि उपस्थित थे।

## भगवान शिव का पूजन और 1008 पार्थिव शिवलिंगों का सामूहिक रुद्राभिषेक कराया

**भगवान शंकर बहुत जल्दी प्रसन्न हो जाते हैं:कथा व्यास पंडित राघव मिश्रा**



**सीहोर।** शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित संकल्प वृद्धाश्रम में श्रद्धा भक्ति सेवा समिति के तत्वाधान में जारी तीन दिवसीय शिव महापुराण का आयोजन किया गया था। मंगलवार को कथा व्यास पंडित राघव मिश्रा के मार्गदर्शन में यहां पर मौजूद आधा दर्जन से अधिक विप्रजनों और 300 से अधिक श्रद्धालुओं ने मंत्रोच्चार के साथ भगवान शिव का पूजन और 1008 पार्थिव शिवलिंगों का सामूहिक रुद्राभिषेक कराया। इस मौके पर केन्द्र के संस्थापक वीपी सिंह, श्रीमती विमला सिंह, संचालक राहुल सिंह, समिति की अध्यक्ष निशा सिंह, कथा वाचक पंडित राहुल व्यास, उज्जैन शनि मंदिर के पुजारी सचिन त्रिवेदी, पंडित कुणाल व्यास, सुनील पाराशर, जिला संस्कार मंच की ओर से जितेन्द्र तिवारी, मनोज दीक्षित मामा, नटवर सिंह, अमित जैन, बाबू सिंह सहित अन्य शामिल थे। इस मौके पर पंडित श्री राघव मिश्रा ने शिव की महिमा को बताया। वहीं श्रद्धालुओं ने पार्थिव शिवलिंग बनाए।

भगवान शिव से ज्यादा भोला कोई और नहीं, उनसे ज्यादा क्रोधित कोई और नहीं तथा उनसे बड़ा दाता कोई और नहीं है। भगवान शंकर बहुत जल्दी प्रसन्न हो जाते हैं और भक्त को मन चाहा वर देते हैं। पार्थिव शिवलिंग का महत्व बताते हुए कहा कि पार्थिव पूजन से अकाल मृत्यु का भय समाप्त होता है। शिवजी की आराधना के लिए पार्थिव पूजन सभी लोग कर सकते हैं, फिर चाहे वह पुरुष हो या फिर महिला।

यह सभी जानते हैं कि शिव कल्याणकारी हैं, जो पार्थिव शिवलिंग बनाकर विधिवत पूजन अर्चना करता है, सभी दुखों को दूर करके सभी मनोकामनाएं पूर्ण करता है। इस मौके पर पंडित व्यास ने बताया कि चंदन का लेप लगाएं और बेलपत्र, फूल, धतूरा अर्पित करें और भोग लगाएं, इसके बाद भोलेनाथ के सामने दीया जलाएं और शिव चालीसा और शिव स्तुती का पाठ करें, भगवान शिव के साथ माता पार्वती की भी पूजा करें और पार्वती चालिसा का पाठ करें। उन्होंने कहा कि भगवान शिव की कथा वैराग्य का दर्शन कराती है। मंदिर में जाकर भगवान का भजन करना अच्छी बात है। लेकिन भजन करते करते हमारा घर ही मंदिर बन जाए, यह भजन की श्रेष्ठता है। हमारा घर ही हरि के आने का द्वार बन जाए, यह साधना की श्रेष्ठता है। भगवान शिव के समान भोला कोई और देव नहीं है। इसीलिए उन्हें भोलेनाथ कहा गया है। महादेव का दरवाजा भक्तों के लिए हमेशा खुला रहता है। शिवजी श्मशान में रहते हैं। किसी व्यक्ति की मृत्यु होने पर उसके परिजन शव को घर से बाहर कर देते हैं। जबकि भगवान महादेव सभी को स्वीकार कर लेते हैं।

## बमुलिया में पुलिया निर्माण की मांग: बारिश के समय ग्रामीणों को होती है परेशानी; जान जोखिम में डालकर करते पुलिया पार

**सीहोर।** जिला अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बमुलिया में पुलिया का निर्माण नहीं होने से बारिश के समय में ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। यहां पर पानी भर जाने से बारिश के समय में ग्रामीणों को निकलने में काफी परेशानी होती है। दरअसल कुलासी नदी ग्राम बमुलिया से निकलकर जाती है। इसका पानी इस पुलिया के माध्यम से भी गांव से होकर निकलती है।

**जान जोखिम में डालकर पुलिया पार करते हैं ग्रामीण :** बारिश के समय में पुलिया पर पानी भर जाता है। यहां पर कई बार दो-तीन दिन तक इस पुलिया को पार करना मुश्किल हो जाता है। अपने खेती और अन्य कामों के लिए घरों से बाहर जाने के लिए ग्रामीण जान जोखिम में डालकर पुलिया पार करके जाते हैं।



**पुलिया निर्माण के लिए ग्रामीणों की मांग :** ग्रामीणों को यहां से निकलने में काफी परेशानी होती थी, इसको देखते हुए ग्रामीणों ने ग्रामीणों ने अभी मिट्टी और मुरम के सहारे से पुलिया बना ली है। बारिश आने पर यह बह जाती है, जिससे यहां रास्ते पर पूरा गहरा गड्ढा हो जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिया को ऊंचा उठाकर बनाया जाना चाहिए ताकि कुलासी नदी का पानी पुल के नीचे से निकल सके। ग्रामीण राकेश, महेंद्र, रमेश, भूपेन्द्र ने बताया कि वह कई बार विधायक प्रतिनिधि से पुलिया निर्माण के बारे में कहा है परंतु अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि बारिश से पहले इस पुलिया का निर्माण किया जाना चाहिए, अन्यथा बारिश में पुलिया पर अधिक पानी से परेशानी होगी।

### फसलों पर लगा पीला मोजेक रोग, किसान कर रहे कीटनाशक का छिड़काव



**सीहोर।** जनपद के ग्राम मोगराराम में मूंग की फसल को पीला मोजेक लग चुका है। फसल पर रोग लगने के कारण यह पीली हो चुकी है, जिस कारण से फसल के पत्ते नीचे गिर रहे हैं। इसके कारण काफी नुकसान हो रहा है। अपनी फसल को बचाने के लिए किसानों ने उस पर रसायनिक पदार्थों का छिड़काव करना शुरू कर दिया है। किसानों ने बताया कि उनकी मूंग की फसल में रोग लग रहा था, जिसके बाद उन्होंने स्थानीय कृषि पर्यवेक्षक के पास जाकर अपनी फसल का सर्वे कराया। कृषि वैज्ञानिकों ने पीला मोजेक रोग से बचाव के लिए उस पर कीटनाशकों का छिड़काव कराने की बात कही। इसके बाद किसानों ने फसल पर छिड़काव करना शुरू कर दिया। किसान मुकेश वर्मा और राहुल वर्मा ने बताया कि गांव में आज से किसानों ने कीटनाशक का छिड़काव शुरू कर दिया गया है।

## मतदान दलों से शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज सीहोर में मतदान सामग्री जमा कराई गई

# मतदान दलों के वापस आने पर उनका माला पहनाकर व पुष्प गुच्छ भेंट कर किया स्वागत,खाते में डाली राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶सीहोर

लोकसभा निर्वाचन-2024 के तहत देवास संसदीय क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाली आष्टा विधानसभा में शांतिपूर्ण मतदान की प्रक्रिया सम्पन्न हुई। मतदान समाप्ति के पश्चात मतदान दलों के वापस आने पर उनका माला पहनाकर एवं पुष्प गुच्छ भेट कर स्वागत किया गया। मतदान दलों से शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज सीहोर में मतदान सामग्री जमा कराई जा रही है।

सभी मतदान दलों से मतदान केन्द्र वार लगाए गए टेबल पर ही मतदान सामग्री का चेकलिस्ट के अनुसार मिलान कर जमा कराई गई है। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर आनंद राजावत, एसडीएम स्वाति मिश्रा, तहसीलदार पंकज पवैया सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



#### मतदान दलों के लौटने से पहले मानदेय का भुगतान

चौथे चरण का लोकसभा चुनाव संपन्न कराने के लिए जिले की आष्टा विधानसभा में 1485 अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी। इस चुनाव की सबसे खास बात यह रही कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह के निर्देश पर मतदान दलों के अधिकारी-कर्मचारियों को मानदेय का भुगतान चुनाव संपन्न कराकर वापस आने से पहले ही कर दिया गया। मतदान कराने वाले अधिकारी-कर्मचारियों के खाते में 17 लाख रुपए की राशि स्थानांतरित कर दी गई।

तीसरे चरण का चुनाव सम्पन्न कराने वाले अनेक अधिकारी कर्मचारियों ने बताया कि उनके मोबाइल पर मानदेय की राशि पहुंचने के एसएमएस प्राप्त हो गए हैं। समयपूर्व मानदेय प्रदान करने के लिए उन्होंने जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर प्रवीण सिंह तथा जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया है। उल्लेखनीय है कि तीसरे चरण का लोकसभा चुनाव संपन्न करने वाले 4500 से अधिक अधिकारी कर्मचारियों के खाते में 45 लाख रुपए की राशि मतदान सामग्री जमा कराने आने के पहले ही स्थानांतरित कर दी गई थी।

### यशोदानंदन सेवा समिति और वैदिक ब्राह्मण समाज पुजारी संघ ने चल समारोह का स्वागत



**सीहोर।** इस वर्ष भी सर्व ब्राह्मण समाज के तत्वाधान में निकाले गए भव्य चल समारोह का शहर के कोतवाली चौराहे पर यशोदानंदन सेवा समिति एवं वैदिक ब्राह्मण समाज, पुजारी संघ ने मंच बनाकर सभी विप्रजनों का स्वागत किया। इस मौके पर महामंडलेश्वर पंडित अजय पुरोहित ने संबोधित करते हुए कहा कि भगवान परशुराम किसी वर्ग विशेष के शत्रु नहीं थे वह केवल इस संसार में अत्याचार के खिलाफ थे। इस मौके पर अध्यक्ष पंडित वीरेंद्र शर्मा उपाध्यक्ष पंडित रविशंकर शर्मा कोषाध्यक्ष पंडित पीयूष शर्मा मीडिया प्रभारी अभिषेक उपाध्याय सचिन पंडित जगदीश शर्मा सहसचिव पंडित संजय व्यास पंडित पृथ्वी बल्लभ दुबे, पवन व्यास जीपंडित संतोष भारद्वाज, सुरेंद्र भारद्वाज पंडित संतोष शर्मा पंडित विक्रांत शर्मा पंडित गोविंद व्यास, अनिल शर्मा, राहुल शर्मा, अखिलेश राजोरिया, अजय शर्मा पंडित मनीष शर्मा, अनिल शर्मा, रुपेश शर्मा अनमोल शर्मा एवं समस्त वैदिक ब्राह्मण एवं पुजारी संगठन संघ शामिल थे।

### नेशनल हाईवे पीलूखेड़ी जयपुर जबलपुर हाईवे पर भीषण हादसा

# कार से टकराकर आर्मी का ट्रक बस से भिड़ा, जवान सहित 3 की मौत, 17 घायल

**पुलिस और ग्रामीणों ने सभी पैसेंजरों को गाड़ी से बाहर निकाला**


**भोपाल जा रही कमला बस की स्पीड भी थी काफी तेज, वहीं आर्मी ने नहीं दी कोई भी स्पष्ट जानकारी, मीडिया से बनाए रखी दूरी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा-कुरावर

नेशनल हाईवे पीलूखेड़ी जयपुर जबलपुर हाईवे पर सोमवार सुबह तकरीबन 9 बजकर 30 बजे के लगभग आर्मी वाहन को




ओवर टेक करती हुई कार के टकराने से आर्मी ट्रक डिवाइडर तोड़ते हुए दूसरी ओर जाने से और बस से टकराने से 3 लोगों की मौत और 17 लोग घायल हो गए हैं। जानकारी के अनुसार भोपाल जा रही कमला बस का एक्सीडेंट उस समय हुआ जब दूसरी ओर डिवाइडर तोड़कर आने वाले आर्मी वाहन बस से जा टकराया। इस घटना में आर्मी जवान सहित दो पैसेंजर की मौके पर मौत हो गई व अन्य 17 घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने एक्सीडेंट को देखते हुए सभी पैसेंजरों को गाड़ी से बाहर निकाला यथा स्थिति को समझते हुए थाना कुरावर को सूचना दी थाना प्रभारी एवं अन्य स्टाफ को लेकर मौके पर पहुंचे आर्मी हेडक्वार्टर आर्मी जवानो के कमांडर भी मौके पर आए गाड़ी का सुप्रतनामा बना कर थाना प्रभारी को देकर गाड़ी को अपने साथ ले गए थाना कुरावर जांच में जुटा।



## इन तीन लोगों की हुई मौत

कुरावर थाना प्रभारी मेहताब सिंह के अनुसार, हादसे में बस क्लीनर ओम कोरी निवासी गुना की मौके पर ही मौत हो गई वहीं, एक अन्य घायल बस यात्री हरिओम शिवहरे निवासी नरसिंहगढ़ और आर्मी से कृष्ण दत्त की मौत की पुष्टि हो चुकी है। कार सवार सभी यात्री सुरक्षित हैं। थाना प्रभारी सिंह ने बताया कि 17 घायलों में सेना के 3 जवान शामिल हैं। उनका इलाज भोपाल के आर्मी हॉस्पिटल जबकि अन्य घायलों का इलाज हमीदिया अस्पताल में चल रहा है। पहले 5 लोगों की मौत की सूचना थी, जांच के बाद स्पष्ट हुई स्थिति हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल था। प्राथमिक जानकारी में पुलिस ने सेना के दो जवान समेत 5 लोगों की मौत की बात कही थी। घटनास्थल और घायलों की जांच के बाद पुलिस और सेना के अधिकारियों ने मृतकों की संख्या को लेकर स्थिति स्पष्ट की।

**इनका कहना है...**

3 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है, जिसमें एक आर्मी सैनिक शामिल हैं एवं 17 लोग घायल हैं।

**मेहताब सिंह ठाकुर, टीआई कुरावर**

## आइए जानते हैं मामला क्या है

*एक्सीडेंट की खबर लगते ही आसपास के दुकानदार ग्रामीण क्षेत्र से पता चला है की भोपाल से आ रहे आर्मी जवानों के वहांन जो की ओसवाल डेनिम का ब्रिज क्रॉस करते हुए नेशनल हाईवे के बीच बना एक गड्ढे को बचाने को लेकर आर्मी का जवान गाड़ी को दोनों रोडो के डिवाइडर पर चढ़ा दिया जिससे पीछे लगे आ रही क्रेटा और स्कॉर्पियो वाहर साइड से निकले लेकिन जब आर्मी जवानों का वाहन अपनी दिशा नियंत्रण खोकर रोड पर बने डिवाइड से चड़ती हुई लेफ्ट साइड के रोड पर जा खड़ी हुई। और ब्यावरा से आ रही कमला ट्रेवल्स जो की स्पीड में थी काफी ब्रेक लगाने के बाद भी गाड़ी को कंट्रोल नहीं कर पाए बस जाकर सीधी आर्मी के वहांन से टकराते हुवे सर्विस रोड क्रॉस करते हुए पानी की नली को तोड़ते हुए क्षेत्रीय मैदान पर जा खड़ी हुई जिसके चलते मौके पर ही दो पैसेंजर और वाहन चालक जो आर्मी जवान चल रहे थे उनमें से एक की मौत हो गई अन्य घायल हो गए मौके पर ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने तत्काल थाना कुरावर को सूचना दी और वहांन से मृत लोगों को बाहर निकाला तुरंत नजदीक हॉस्पिटल कुरावर में इलाज के लिए पहुंचाया वहा से डॉक्टर नरेश गवली जी द्वारा भोपाल रेफर कर दिया गया। अब सवाल यहां उठता है भोपाल से आ रहे आर्मी जवानों के ट्रक क्या ड्राइवर चला रहा था या ट्रेनिंग वाले जिन्हें गाड़ी चलाना नहीं आता वह गाड़ी चला रहे थे लेकिन यहां तो नेशनल हाईवे है गाड़ियां सब अपनी दिशा में जाती हैं देखने में आया है और सूत्रों से जानकारी मिली है आर्मी जवानों के जो ट्रक भोपाल से आ रहे थे वाहन चालक गढ़ों को बचाने के चक्कर में अपनी दिशा खोते हुए लेफ्ट साइट के ड्राइवर डिवाइडर से टकराते हुए दूसरे रोड पर जा खड़ा हुआ अब इसमें साफ-साफ दिखाई देता है कि गलती आर्मी जवानों की है जिसका खामियाजा आम नागरिको भुगतना पड़ रहा है इनकी गलतियों का खामियाजा कहे या नासमझी ये तो वाहन चालक ही बता सकता है लेकिन छोटी सी गलती की वजह से तीन की मौके पर मौत हो चुकी है और अन्य घायल हुए।*

### तय मार्किंग के बाहर आई दुकानें

## राजगढ़ में फिर सड़क पर आया सब्जी मार्केट, नपा की अनदेखी



सब्जी विक्रेताओं को आगम किया था कि अपनी दुकान लाइन के अंदर ही लगाएं, लेकिन कुछ दिन तो इसका पालन हुआ और हालात पुनः उसी ढर्रे पर आ गए हैं। सब्जी विक्रेता लाइन के बाहर आकर अपनी दुकानें लगा रहे हैं।

**राजगढ़।** करीब दो माह पूर्व नगर पालिका परिषद ने राजगढ के मेन मार्केट की सड़क पर डामरीकरण कार्य करवाया था। इसका मुख्य उद्देश्य अभी था की ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार हो पाए। इसके लिए बाकायदा बिरसा मुंडा चैराहे से लेकर रानी लक्ष्मी चैराहे तक सेंट्रल मार्किंग सहित साइड मार्किंग भी करवाई गई थी।नगर पालिका ने सब्जी विक्रेताओं को आगम किया था कि अपनी दुकान लाइन के अंदर ही लगाएं, लेकिन कुछ दिन तो इसका पालन हुआ और हालात पुनः उसी ढर्रे पर आ गए हैं। सब्जी विक्रेता लाइन के बाहर आकर अपनी दुकानें लगा रहे हैं। दरअसल, नपा ने आज तक किसी का कोई चालान काटा ही नही। यही कारण है की दुकानदार निर्देशों को हल्के में लेकर दुर्घटनाओं को न्योता दे रहे हैं। नपा सीएमओ पवन से स्थानीय लोगों ने मांग की है की नियमो का पालन सुनिश्चित करवाया जाए, अन्यथा यहां बड़ी घटनाएं हो सकती हैं।

## कर्जदारों से परेशान युवक ने खाया जहरीला पदार्थ



**सारंगपुर।** सूदखोरों से परेशान लोग आए दिन जहरीले पदार्थ का उपयोग कर रहे हैं कुछ लोग बच जाते हैं और कुछ लोग काल के गाल में समा जाते हैं ऐसा ही एक मामला सारंगपुर निवासी युवक का सामने आया है। कर्जदारों और वाहन मालिक से परेशान होकर एक युवक ने खाया जहरीला पदार्थ। शाजापुर जिला अस्पताल में उपचार जारी। सोनू मंसूरी ने बताया कि चार कर्जदारों और वाहन मालिक से परेशान होकर उसने ने जहरीला पदार्थ खा लिया। जिसे परिजन उपचार के लिए सारंगपुर अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां पर डॉक्टरों द्वारा युवक को प्राथमिक उपचार देने के बाद हालत बिगड़ने पर युवक को शाजापुर जिला अस्पताल रेफर किया गया। जहां पर सोनू मंसूरी का उपचार जारी है। अब लोगों को इस मामले में पुलिस की कार्रवाई का इंतजार है।

## 'मातृ दिवसः वो मां ही है जिसने इस संसार की खूबसूरत रचना की है, संघर्ष में हार नहीं मानती'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय शहीद कॉलोनी स्थित सेवाकेंद्र पर मातृ दिवस (मदर्स डे ) 12 मई रविवार 2024 शाम को 7 बजे कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें सेवा केंद्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी लक्ष्मी दीदी और देव दीदी ने सभी मातृ शक्तियों का तिलक, पुष्प गुच्छे एवं दुपट्टा और ताज पहन कर सम्मान किया।

सभी मांओं ने प्रेम की दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ लिया। इस मौके पर लक्ष्मी दीदी ने माता के सम्मान में उनकी महिमा करते हुए कहा की सबसे बड़ी तो परमात्मा हमारी मां है जिन्होंने इस संसार की सबसे खूबसूरत रचना की वो मां है।



जो कितना भी संघर्ष के बावजूद कभी हार नहीं मानती। मां शब्द में वह जादू है जो हर मुश्किलों को आसान कर देती है मां हमारे जीवन में भगवान के महत्व को समझती है वर्तमान समय परिवार में जो बढ़ रही विकृतियों को खत्म कर एकता, प्रेम व स्नेह के सूत्र में बांधने का श्रेष्ठ कार्य माता ही करती है। मदर्स डे मां के प्रति अपना प्यार, सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए मनाया जाता है एक मां का आंचल अपनी संतान के लिए कभी छोटा नहीं पड़ता, मां का प्यार अपने बच्चों के लिए इतना गहरा और अटूट होता है कि वो अपने बच्चों की खुशी के लिए सारी दुनिया से लड़ सकती है। कार्यक्रम में ब्यावरा शहर की विभिन्न विभाग से मातृ शक्तियों ने बड़ी संख्या' 'में भाग लिया' लक्ष्मी दीदी के द्वारा ईश्वरीय सौगात भेंट कर, तथा सुनीता अग्रवाल ने मांओं को मदर्स डे की शुभकामनाएं दी।

## पीएचई और जल निगम मिलकर सुनिश्चित करें ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की समस्या न होः कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

जिला अधिकारी सी.एम. हेल्पलाइन कि शिकायतों का संतुष्टीपूर्ण निराकरण करें। यह निर्देश कलेक्टर हर्ष दीक्षित ने कलेक्टोरेट सभागार में आयोजित समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में दिए।

इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत महीप किशोर तेजस्वी, अपर कलेक्टर शिवप्रसाद मण्डराह, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व राजगढ़ गुलाब सिंह बघेल सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर हर्ष दीक्षित ने शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न कराने के लिए सभी अधिकारी-कर्मचारियों, पुलिस प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान सभी अधिकारियों ने कलेक्टर हर्ष दीक्षित के कुशल नेतृत्व में शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न कराने हेतु आभार व्यक्त किया।




**समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित**

बैठक में उन्होंने निर्देशित किया कि पीएचई, जल निगम यह सुनिश्चित करें कि ग्रामीण क्षेत्रों में कही भी पानी की समस्या उत्पन्न न हो, जहां परेशानी है उसका निराकरण करें। साथ ही शहरीय क्षेत्र में भी नगरीय निकाय पानी की समस्या न हो, यह भी सुनिश्चित किया जाए।


इस अवसर पर उन्होंने सभी तहसीलदारों को निर्देशित किया कि आर.सी.एम.एस.पर समय-सीमा से बहार के सभी प्रकरण का निराकरण करना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर वीरेन्द्र सिंह दांगी, डिप्टी कलेक्टर रत्नेश श्रीवास्तव, सुशील कुमार सहित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## तीन डिग्री लुढ़का तापमान शाम को हुई हल्की बारिश, गर्मी से मिली थोड़ी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

इन दिनों भीषण गर्मी का दौर चल रहा है। मौसम में आए बदलाव के चलते तापमान में उतार चढ़ाव हो रहा है। रविवार सुबह से आसमान में हल्के बादल छाए रहे। जिसके चलते तापमान में लुढ़क गया है।

पहले जहां अधिकतम तापमान 43 डिग्री के आसपास पहुंच गया था। वहीं अब अधिकतम तापमान 40 डिग्री के आसपास पहुंच गया है। शनिवार को जहां अधिकतम तापमान 42.4 डिग्री सेल्सियस तो



वहीं न्यूनतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया था। मौसम में आए बदलाव से तापमान में गिरावट देखने को मिली है। जिसके चलते अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तो वहीं न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है। सोमवार को अधिकतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस तो वहीं न्यूनतम तापमान 26 डिग्री की सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है।

## अग्निपथ योजना के अंतर्गत छात्रों ने समझी अग्निवीर भर्ती योजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय सारंगपुर के अंतर्गत स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना के द्वारा अग्निवीर भर्ती हेतु आवश्यक मार्गदर्शन के लिए व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रूप से उपस्थित महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. ममता खोईया के द्वारा अग्निवीर सेना में भर्ती हेतु छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया गया।

कॅरियर मार्गदर्शन के संयोजक डॉ. दिलीप कुमार गुप्ता के द्वारा भी छात्र-छात्राओं को अग्निवीर योजना की जानकारी देते हुए सेना में भर्ती होकर देश सेवा करने के लिए प्रेरित किया गया कार्यक्रम के संचालक धर्मेंद्र कुमार खैरवार के द्वारा अग्निवीर सेना में भर्ती की योजना को विस्तार से समझाया गया जिसमें




अग्निवीर योजना भारत सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है जिसका उद्देश्य भारत की तीनों सेना में युवाओं की प्रतिभागिता को बढ़ाना है ताकि युवा देश में अपना महत्वपूर्ण योगदान देते हुए देश सेवा कर सकें केंद्र सरकार ने तीनों सैन्य सेवाओं की जिसमें थल सेना नौ सेना और वायु सेना मैं सैनिकों की भर्ती के लिए अग्निपथ योजना प्रारंभ की गई है उक्त जानकारी में यह भी बताया गया कि अग्नि वीर योजना के लिए उम्मीदवार की उम्र 17 वर्ष 6 माह से लेकर 21 वर्ष के मध्य होनी चाहिए और आवेदक को 10वीं एवं 12वीं कक्षा में न्यूनतम 50: अंकों के साथ उत्तीर्ण होना चाहिए उक्त कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को अग्नि वीर सेना में भर्ती की विस्तृत जानकारी प्रदान करना था जिसमें सेना में भर्ती की प्रक्रिया को अच्छे से समझ कर इच्छुक छात्र उक्त भर्ती में सम्मिलित हो सके।

कार्यक्रम में अग्निवीर भर्ती से संबंधित मार्गदर्शन प्रदान करते हुए जिसमें अग्निवीर भर्ती की अधिसूचना पदों की जानकारी ऑनलाइन आवेदन आवेदन शुल्क शारीरिक योग्यता ऑनलाइन लिखित परीक्षा एवं मेडिकल सत्यापन की अन्य जानकारी भी छात्र-छात्राओं के समक्ष प्रस्तुत की गई इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के अनेक छात्र-छात्राओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज की।

## माचलपुर में हर्षोल्लास से मनाई परशुराम जयंती



**माचलपुर।** विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम की जयंती नगर में रविवार शाम को सनाढ्य ब्राह्मण समाज द्वारा हर्षोल्लास से मनाई गई। इस मौके नगर सहित क्षेत्र के ब्राह्मण समाज के लोगो द्वारा अपने आराध्य भगवान परशुराम की विधि विधान से पूजा अर्चना की तत्पश्चात धर्मशाला से बैंड बाजे के साथ शोभा यात्रा प्रारंभ हुई जिसमें बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज की महिला पुरुष व युवावर्ग द्वारा हिस्सा लिया गया।जय जय परशुराम के जयकारे और केसरिया ध्वज के साथ बैंड बाजे की धुन पर श्रद्धालु जमकर नाचे।शोभायात्रा में रथ पर भगवान परशुराम की आकर्षक झांकी सजाई गई थी। जगह जगह भगवान परशुराम की पूजा अर्चना की गई वही शोभायात्रा का नगर में पुष्प वर्षा कर कहीं ठंडाई तो कहीं आइसक्रीम व शीतल जल से स्वागत किया गया। शोभायात्रा नगर के विभिन्न मार्गो से होकर पुनः धर्मशाला पहुंची जहां भगवान परशुराम की आरती की गई। समाज के वरिष्ठ नागरिकों का श्रीफल एवं पुष्पमाला से सम्मान किया गया। बच्चो द्वारा मंत्रमुग्ध कर देने वाला सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। समाज के मेधावी छात्र छात्राओं, शासकीय सेवाओं में उच्च पदों के लिऐ चयनित युवक युवतियों सहित सांस्कृतिक कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को श्रीफल शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## कर्म, अकर्म तथा विकर्म के अंतर को समझना होगा : चौरसिया

### कपिलेश्वर गीता स्वाध्याय मंडल की मोनिका चौरसिया ने व्यक्त किए विचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

**यदि कोई सचमुच ही भव बंधन से मुक्ति चाहता है तो उसे कर्म, अकर्म तथा विकर्म के अंतर को समझना होगा। कर्म, अकर्म तथा विकर्म के विश्लेषण की आवश्यकता है, क्योंकि यह अत्यंत गहन विषय है।**

कृष्ण भावनामृत को तथा गुणों के अनुसार कर्म को समझने के लिए परमेश्वर के साथ अपने संबंध को जानना होगा। दूसरे शब्दों में, जिसने यह भली-भांति समझ लिया है, वह जानता है कि जीवात्मा भगवान का नित्य दास है और फल स्वरुप उसे



कृष्ण भावनामृत में कार्य करना है। उक्त उद्गार कपिलेश्वर गीता स्वाध्याय मंडल की दीदी मोनिका चैरसिया ने यजमान जयसिंह बेस के घर पर गीता स्वाध्याय पाठ के अंतर्गत व्यक्त किए।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम यजमान जयसिंह बेस द्वारा भगवान श्री कृष्ण एवं श्रीमद्भागवत गीता की पूजन अर्चन एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात विश्व गीता प्रतिष्ठानम के स्वाध्याय पत्रक घर-घर गीता का प्रचार हो गीत का गायन संस्कृताचार्य सुशील व्यास ने किया। श्रीमद् भगवद्गीता गीता के 11 श्लोक का गायन कपिलेश्वर स्वाध्याय मंडल के बाल संस्कृताचार्य भैया अग्रेश एवं बहिन ग्रेसी चैरसिया ने किया। इस अवसर पर स्वाध्याय मंडल की सिंधु माई, छाया जोशी, मोनिका चैरसिया, मंगल वैद्य, सीमा जोशी, अनुसूईया जोशी, आनंद मोहन व्यास, नवीन श्रीवास्तव, सुशील व्यास, अनिल गुप्ता ने स्वाध्याय पत्रक का वाचन किया। श्रीमद्भगवद्गीताजी की आरती उतारी गई। कल्याण मंत्र के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। आगामी गीता स्वाध्याय पाठ अनिल गुप्ता के यजमानत्व में संपन्ना होगा।

### खिलचीपुर में बनाई जा रही सड़क

## धीमी गति से चल रहा है सिटी पोर्शन रोड कार्य, लगता जाम



**खिलचीपुर।** खिलचीपुर में लोक निर्माण विभाग द्वारा सिटी पोर्शन रोड निर्माण कार्य धीमी गति से चल रहा है, वही ठेकेदार द्वारा पानी की तराई भी ठीक से नहीं की जा रही है इस वजह से लोग धूल से परेशान हो रहे हैं, रोड पर बसे हुए लोगों के घर में दिन-रात धूल घुस रही है जिससे लोगों में श्वास दमा की बीमारी फैल रही है, वही ठेकेदार द्वारा धीमी गति से किए जा रहे काम की वजह से आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है, छापीहेड़ा नाका से बस स्टैंड तक दिन भर जाम की स्थिति बनी रहती है, लोगों को हमेशा डर लगा रहता है कि जाम न लग जाए वही लोक निर्माण विभाग द्वारा ठेकेदार पर कोई ठोस कार्यवाही नहीं की जा रही है ऐसे में लोग परेशान है। रोड पर पोल स्विफ्ट नहीं होना भी है धीमी गति से निर्माण का कारण। लोक निर्माण विभाग ई एंड एम द्वारा रोड पर लगे बिजली के खंभे समय पर नहीं हटाने की अनियमितता के चलते भी सिटी पोर्शन रोड निर्माण कार्य धीमी गति से चल रहा है जिससे लोग परेशान हैं।

## खबर संक्षेप

### हिमांशी पाटीदार ने 12वीं सीबीएससी परीक्षा में बनाए 95 प्रतिशत अंक



श्यामपुर। जवाहर नवोदय विद्यालय श्यामपुर की होनहार छात्रा हिमांशी पाटीदार ने विषय कला में 95 प्रतिशत अंक बनाए और नगर श्यामपुर और जवाहर नवोदय विद्यालय का नाम रोशन किया है। छात्रा की उपलब्धि पर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर केएस बघेल, स्टाफ नागरिकों ने बधाई दी है। बधाई देने वालों में लक्ष्मीनारायण पाटीदार माता वाले, पूर्व सरपंच प्रतिनिधि संतोष पाटीदार, दीपक राजपूत, महेश जाट, खेमराज पाटिल वकील साहब, भंवर लाल पाटिल, रामबाबू पाटिल शिक्षक, सत्यनारायण भाटी, रामेश्वर दयाल महेश्वरी, घनश्याम पाटीदार, राधेश्याम पाटिल, प्रकाश ठाकुर, विष्णु पाटीदार, बाबूलाल पाटीदार आदि ने हिमांशी के उज्वल भविष्य की कामना की है।

### सलोनी मालवीय के सुयश पर दी बधाई



सीहोर। सोमवार को केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने 10 वीं और 12 वीं का रिजल्ट घोषित किया है। पत्रकार राहुल मालवीय की भतीजी जवाहरलाल नवोदय विद्यालय श्यामपुर में 12वीं कक्षा में सलोनी मालवीय ने फस्ट डिवीजन से स्थान प्राप्त किया। 84.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए है। उनकी इस उपलब्धि पर परिजनों, समाजजनों और जवाहरलाल नवोदय विद्यालय के स्टाफ ने माला पहनाकर स्वागत और सम्मान किया।

## जांच दल को सूर्या हॉस्पिटल में मिली अनेक अनियमितताएं

# अस्पताल के हाल: जांच दल को ऑपरेशन थियेटर में मिली गंदगी, डॉक्टर थे नदारद

जांच दल को निरीक्षण के दौरान निजी अस्पतालों में मिली कई अनियमित्ताएं।


हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा




आष्टा नगर और नगर की सीमा में कुकुरमुत्ते की तरह प्राइवेट हॉस्पिटल खुल चुके हैं। कुछ हॉस्पिटल को छोड़कर बाकी में एक दर्जन से अधिक चिकित्सकों के नाम लिख रखें है, लेकिन सुविधाएं भी नहीं है, तथा चिकित्सक भी नहीं मिलते है। बीएमओ डॉक्टर जीडी सोनी के नेतृत्व में एक जांच दल ने भोपाल रोड पर स्थित सूर्या हॉस्पिटल का निरीक्षण किया तो डॉक्टर जीडी सोनी सहित जांच दल में शामिल तरुण राठौर, मोहन श्रीवास्तव आदि आश्चर्यचकित रह गए, क्योंकि जो हॉस्पिटल में आवश्यक सुविधाएं व साफ- सफाई होना चाहिए, वह नहीं मिली। वहां उपस्थित चिकित्सक डॉ जितेश रोहरा अस्पताल के आवश्यक दस्तावेज भी उपलब्ध नहीं करा पाए। हालांकि जांच दल ने जांच प्रतिवेदन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सीहोर डॉक्टर सुधीर डेहरिया को भेज दिया है। जिस प्रकार महादेव नर्सिंग कॉलेज पर कलेक्टर प्रवीण सिंह ने कार्रवाई की है वैसी ही कार्रवाई इन प्राइवेट हॉस्पिटल वालों पर करना होगी, तभी कुकुरमुत्ते की तरह खुले हॉस्पिटलों पर अंकुश लगेगा और मरीजों का शोषण बंद होगा।

### अधूरे दस्तावेजों परचल रहे निजी अस्पताल

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सुधीर कुमार डेहरिया ने बीएमओ डॉक्टर जीडी सोनी को निर्देशित किया था कि प्राइवेट हॉस्पिटलों की जांच कर जांच रिपोर्ट देवें। डॉक्टर जीडी सोनी ने अपने सिविल अस्पताल से टीम लेकर आष्टा - किलेरामा रोड पर स्थित सूर्या हॉस्पिटल में पहुंचे। जांच दल में शामिल टीम ने अलग-अलग कार्य बांट लिया था। जांच के दौरान जो आवश्यक दस्तावेज हॉस्पिटल में होना चाहिए, वह उपस्थित डॉ रोहरा उपलब्ध नहीं करा पाए। अस्पताल में सुविधाओं के नाम पर कागजों पर ही सुविधा थी, वास्तविकता में नहीं। गंदगी भयंकर थी। आपरेशन थियेटर में भी काफी कमियां मिली।





### निजी अस्पतालों में डॉक्टर नदारद

आष्टा में हॉस्पिटलों की बाढ़ आ गई है। एक दर्जन से अधिक चिकित्सकों के नाम बोर्ड पर लिखें रहते हैं और एक डॉक्टर ही मिलता है। आपरेशन करने के लिए मरीज को भर्ती कर लेते हैं, लेकिन आपरेशन करने वाले डॉक्टर एवं निश्चेतना चिकित्सक भी नहीं रहता है। जो डॉक्टर मिलते हैं,वह सर्जरी करना भी नहीं जानते हैं, सिर्फ टांके लगा सकते हैं। कलेक्टर प्रवीण सिंह इस ओर ध्यान देकर मरीजों के साथ हो रही खुली लूट एवं जिंदगी से खिलवाड़ पर अंकुश लगवाएं।

# हमारा लक्ष्य पवित्र होना चाहिए: संगठन मंत्री

## आचार्य सामान्य शिक्षक वर्ग हुआ आयोजित




जावर। ग्रामीण शिक्षा मध्य भारत प्रांत द्वारा आयोजित हुआ सामान्य शिक्षक वर्ग।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जावर

ग्रामीण शिक्षा मध्य भारत प्रांत द्वारा आयोजित आचार्य सामान्य शिक्षण वर्ग राघौगढ़ मै 15 दिवसीय वर्ग का शुभारंभ किया गया जिसमें उद्घाटन सत्र में निखिलेश माहेश्वरी विद्या भारती मध्य भारत प्रांत, संगठन चंद्रहंस पाठक प्रांत प्रमुख ग्रामीण शिक्षा, अशोक दांगी प्रांतीय कौषाध्यक्ष, गोपाल शर्मा वर्ग संयोजक, डॉ हरी सिंह किरार समाज सेवी के द्वारा सर्व प्रथम विद्या भारती का ध्वज को फहराया गया। जिसमें संगठन मंत्री के द्वारा ध्वज पूजन, एंव गौ माता की पूजन के पश्चात मां शारदे के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया गया। अतिथियों का परिचय वर्ग संयोजक के द्वारा करवाया गया।

अतिथियों का स्वागत अखिलेश दूबे जिला प्रमुख राघौगढ़ एवं अग्निवेश त्यागी के द्वारा किया गया। जिसके संगठन मंत्री के द्वारा बताया गया कि विद्या भारती के लक्ष्य के द्वारा आने वाली पीढ़ी का विकास करना है। हमारा लक्ष्य पवित्र होना चाहिये, इसके लिए सब कुछ करना पड़ता है हमारा लक्ष्य के एक एक शब्द मोतीयों के समान है, लक्ष्य के लिए टोली का निर्माण कर आचार्य परिवार, संयोजक मंडल, अभिभावकों, वरिष्ठ जनों को हमारा लक्ष्य के विषय में सत्य निष्ठा होना चाहिए। इसके तीन सुत्र 1. लोकसगृह, 2. लोकसंस्कार, 3 लोकनियोजन है, राष्ट्रीय शिक्षा विकास की चार बातें हैं। निश्चित भूमि,समाज, संस्कृति, इतिहास इससे राष्ट्र बनता है। सबसे बड़ा धर्म अहिंसा, परंतु धर्म के लिए हिंसा करनी पड़ती है तो जरूर करना चाहिए।

**पंचकौशात्मक का विकास** - शारीरिक शिक्षा, प्राणीक शिक्षा, मानसिक शिक्षा, बोद्धिक शिक्षा, आध्यात्मिक शिक्षा, आदि विषयों पर मार्गदशित किया। संचालन मुरली मनोहर शर्मा विभाग प्रमुख राजगढ़ ने किया गया। प्रांतीय समिति सदस्य इंदर सिंह परमार,शिवकुमार तिवारी, संचालन टोली से हरिशंकर सैनी,देवी सिंह नागर,राधेश्याम नागर,कालुसिंह राजपूत,रामबाबू कुम्भज,सियाराम पाटीदार ,योगेन्द्र दांगी, दशरथ आदि उपस्थित रहे।

# आनंदीपुरा के केंद्र क्रमांक 194 पर रिकॉर्ड, 91.87% मतदान,103 वर्ष की गुलाबबाई किया गया सम्मान

लोकतंत्र के इस पावन पर्व पर ग्राम आनंदीपुरा की सबसे बुजुर्ग महिला मतदाता 103 वर्ष की दादी गुलाबबाई प्रजापति ने खुद मतदान केन्द्र आकर मतदान किया। शॉल ओढ़ाकर कर सम्मान किया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा



13 मई को सम्पन्न हुए चुनाव में मतदान केंद्र क्र 194 पर मतदान का रिकार्ड बना है। इस पोलिंग पर 91.87% प्रतिशत मतदान हुआ। उक्त मतदान केंद्र पर 103 वर्ष की महिला गुलाबबाई प्रजापति ने मतदान किया, जिसका ग्राम के निर्मल मेवाडा एवं अन्य साथियों ने शॉल ओढ़ाकर कर सम्मान किया। भ्रमण के दौरान विधायक गोपालसिंह इंजीनियर भी ग्राम पहुचे ओर रिकॉर्ड तोड़ मतदान करने के लिये सभी को बधाई दी। ग्राम के युवा समाजसेवी निर्मल मेवाडा ने बताया की इस केंद्र पर कुल 788 वोटरों में से 724 (91.87%) मतदाताओं ने मतदान किया। उक्त बुजुर्ग मतदाता का बूथ पर स्वागत सम्मान किया गया। निर्मल मेवाडा ने बताया की लोकतंत्र के इस पावन पर्व पर ग्राम आनंदीपुरा की सबसे बुजुर्ग महिला मतदाता 103 वर्ष की दादी गुलाबबाई प्रजापति ने खुद मतदान केन्द्र आकर मतदान किया । मतदान केंद्र पर पहुचने पर निर्मल पटेल द्वारा दादी मां का शाल श्रीफल भेंट कर स्वागत सम्मान किया गया।

# अतिथियों के साथ विद्यार्थियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा



श्रीराम सैंधव क्षत्रिय राजपूत छात्रावास में डॉक्टर दिलीप सिंह सोलंकी के मुख्य आतिथ्य व फूलसिंह ठाकुर की अध्यक्षता में महाराणा प्रताप की 485वीं जयंती मनाई गई। राजपूत संघ के संरक्षक में सेवा निवृत्त टीआई गोपालसिंह ठाकुर द्वारा अतिथियों को साफा बांधकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में समाज के सेवानिवृत अधिकारी कर्मचारियों व वर्ष 2023-24 में शासकीय सेवा में चयनित अधिकारी कर्मचारियों का भी सम्मान किया गया। समाज के अध्ययनरत प्रतिभावान बालक एवं बालिकाओं का उत्साहवर्धन कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में शौर्य सम्राट महाराणा प्रताप के जीवनकाल की मुख्य घटनाओं पर नारायण सिंह ठाकुर, अनार सिंह चौहान, पूनम सिसौदिया, जीवन सिंह ने प्रकाश डाला। इस मौके पर योगेंद्र सिंह भाटी, विक्रम सिंह ठाकुर, दिलीप सिंह, कमल सिंह, चंदर सिंह सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद थे।

# भगवान चित्रगुप्त प्राकट्योत्सव पर सकल हिंदू समाज ने किया स्वागत





हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा

आष्टा में भगवान चित्रगुप्त महाराज के प्राकट्योत्सव पर कायस्थ समाज ने पुरानी सब्ज़ी मंडी आष्टा चित्रगुप्त मंदिर में भगवान चित्रगुप्त जी महाराज का अभिषेक,पूजा,अर्चना कि तत्पश्चात भगवान चित्रगुप्त जी महाराज का जुलूस आष्टा बडे बाज़ार से होता हुआ, खंडेलवाल चोराहा, बुधवारा,मानस भवन,चार बत्ती चौराहे पर पहूंचा, वहां सकल समाज के अध्यक्षगणो ने कायस्थ समाज के अध्यक्ष श्री अनिल जी श्रीवास्तव सहित सभी का साफे बांधकर भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर सकल हिन्दू समाज के संयोजक सुरेश सुराना, मुकेश नामदेव, मनीष डोंगरे, महेश जाट, राजीव गुप्ता, भूरु मुकाती, निर्मल बैरागी, पांचाल जी, मांगीलाल सिसोदिया, रमेश मालवीय, हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष कालू भट्ट,अनाज तिलहन व्यापारी संघ अध्यक्ष रूपेश राठौर, मन्दिर समिति अध्यक्ष नरेश माथुर, कार्यकारिणी अध्यक्ष मनोहर श्रीवास्तव इत्यादि सज्जन उपस्थित हुए।

# खाली प्लाटों में घरों का पानी जमा होने से हो रही गंदगी, मच्छरों के पनपने से बीमार हो रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा



नगर के अनेक वार्डों में गंदे पानी निकासी के लिए नालियां और नाले नहीं होने से वार्डों में घरों के आसपास खाली प्लाटों में घरों से निकलने वाला पानी जमा हो रहा है। साल भर गंदा पानी जमा रहने से छोटे-छोटे तालाब बन गए हैं। वहीं मच्छरों का प्रकोप बढ़ा हुआ है। जिसके कारण लोगों को बीमारी अपने जाल में जकड़ रही है। इसके बाद भी नगर पालिका पानी निकासी के लिए नालियों का निर्माण नहीं कर रही है।

जिससे वार्डों के लोगों में नपा के प्रति आक्रोश बढ़ता जा रहा है। वहीं वार्डवासियों का कहना है कि कई बार इस समस्या से पूर्व में नपा अधिकारियों को अवगत करा चुके हैं। वर्तमान परिषद को जल निकासी व्यवस्था पर ध्यान देना चाहिए। ताकि समस्या का समाधान हो सके। गौरतलब है कि वार्ड क्रमांक 15,16 और 18 के स्थानीय लोग घरों से निकलने वाले गंदे पानी और बारिश के पानी की निकासी के लिए नगर पालिका के अधिकारियों को लगातार नालियों और नाले का निर्माण कराने की मांग करते आ रहे हैं। उसके बाद भी अभी तक वार्डों में नालियों और नाले का निर्माण नहीं हुआ है। जिसकी वजह से वार्डों के खाली प्लाटों में पानी जमा हो रहा है।

## सीबीएसई की कक्षा 10वीं और 12वीं का रिजल्ट घोषित, छात्र-छात्राओं में खुशी छाई

# पुष्प और देहली वर्ल्ड स्कूल के विद्यार्थियों ने परीक्षा में मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा













सोमवार को सीबीएसई द्वारा 10वीं और 12वीं का रिजल्ट घोषित कर दिया गया। इस दौरान आष्टा के पुष्प हायर सेकंडरी स्कूल आष्टा का कक्षा दसवीं और बारहवीं का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा, जिसमें शत प्रतिशत बच्चे पास हुए। पुष्प स्कूल से कक्षा दसवीं में मोहित सिंह ठाकुर ने 94.2 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। ऋषि चौहान ने 93.4 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वही कक्षा 12 वीं में प्रियंका माथुर ने पीसीएम मे 85 प्रतिशत के साथ प्रथम और सचिन दरिया ने 84 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया और प्रिंस परमार ने पीसीबी में 75 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं सुभाना परवीण ने 74 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वही तनिष्क वोहरा ने कॉमर्स में 95 प्रतिशत के साथ पहला स्थान प्राप्त किया और हर्षित ठाकुर एवं मारिया सैफी ने 87 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। यदि सीबीएसई के आए परिणामों पर नजर डाले तो पुष्प स्कूल में कक्षा दसवीं में 126 में से 100 बच्चे उत्तीर्ण हुए एवं कक्षा 12वीं में 47 बच्चों में से 35 बच्चे उत्तीर्ण हुए। इस दौरान उत्कर्ष परीक्षा परिणाम आने पर पुष्प हायर सेकंडरी स्कूल के प्रिंसिपल फादर मेल्विन सी जे ने बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की ।इस दौरान स्कूल के प्रिंसिपल ने अच्छे रिजल्ट का श्रेय शिक्षकों और विधार्थियों को दिया।

### देहली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों का शत प्रतिशत रहा परिणाम

उत्तिष्ठत जाग्रत प्राप्य वरान्निबोधत इस वाक्य को चरितार्थ करते हुए विद्यार्थियों ने केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) परीक्षा कक्षा 10वीं और 12वीं में 100 प्रतिशत परिणाम के साथ सफलता प्राप्त की है। परीक्षा में सभी विद्यार्थियों ने अथक परिश्रम के साथ उत्तम प्रदर्शन किया। कक्षा 12वीं जिसमें कॉमर्स विषय में कुशाग्र धारवा ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त करके पहला स्थान प्राप्त किया। मृदुल बड़जात्या ने 95.6 प्रतिशत अंक के साथ दूसरा, शौर्य जैन ने 94.2 प्रतिशत के साथ तीसरा स्थान और कोपल ताम्रकार ने 93.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। ह्यूमैनिटीज में हर्षित पटेल ने 88.6 प्रतिशत, मानवेंद्र परमार ने 85.8 प्रतिशत और शिवराज ठाकुर ने 82.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। साइंस में कनिष्का रणकौशल ने 86.6 प्रतिशत अंक और हिमांशी सोनानिया ने 74.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वहीं 10 वीं का परिणाम जिसमें क्रिश मेवाडा ने 89.80 प्रतिशत अंक प्राप्त करके पहला स्थान प्राप्त किया, तनिश जैसवाल 88.20 प्रतिशत अंक के साथ दूसरा, तनिष्का गेहलोत ने 88 प्रतिशत के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। विजय चौधरी ने 87.8 प्रतिशत के साथ चतुर्थ और अनन्या शर्मा ने 86 प्रतिशत अंक से पांचवा पांचवें स्थान को प्राप्त करके विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विद्यालय के कक्षा 10वीं में प्रथम श्रेणी में 95 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए तथा 12वीं में 90 प्रतिशत छात्र प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। सभी विद्यार्थियों में खुशी की लहर है। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक व संचालकगण ध्रुवकुमार तिवारी, पायल अली, सैय्यद आदिल अली, बहादुर सिंह सेंधव, ज्ञानसिंह ठाकुर, प्राचार्या डॉ. संगीता सिन्हा ने सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों व पालकगण को बहुत सारी बधाई एवं शुभकामनाएं दीं तथा छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की ।

# जैन मंदिर में मनाया गया मोक्ष कल्याणक महोत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा

बीते दिनों जैन धर्म के इक्कीसवें तीर्थंकर देवाधिदेव 1008 नमिनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक महोत्सव नगर में जैन समाज द्वारा बड़े ही हर्ष और उत्साह पूर्वक मनाया गया। सभी मंदिरों में भगवान के अभिषेक, शांति धारा कर पूजा अर्चना भक्ति भाव से की गई। नगर के चंद्र प्रभु मंदिर गंज में भगवान नमिनाथजी के मोक्ष कल्याणक महोत्सव के अवसर पर अभिषेक, शांति धारा भक्ति- भाव के साथ की गई । नगर के पार्श्व नाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर व चंद्र प्रभु मंदिर, नेमिनाथ दिगंबर मंदिर साईं कॉलोनी व शांति नगर में भी भगवान नमिनाथ जी की आराधना की गई।